महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

जनसंपर्क कार्यालय

PUBLIC RELATIONS OFFICE


## हिंदी विश्वविद्यालय में 'प्रेमचंद का अवदान' विषय पर संगोष्ठी

## दुनिया के कथाकारों में प्रेमचंद अग्रगण्य हैं : प्रो. कृष्ण कुमार सिंह

वर्धा, 01 अगस्त 2024 : महान कथाकार प्रेमचंद जयंती के उपलक्ष्यमें महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के साहित्य विभाग द्वारा 'प्रेमचंद का अवदान' विषय पर बुधवार, 31 जुलाई को आयोजित संगोष्ठीकी अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि उपन्यास एवं कथा लेखन के संसार में प्रेमचंद का महत्वपूर्ण योगदान है। दुनिया के महान कथाकारों में प्रेमचंद अग्रगण्य है। स्वराज्य की महत्वाकांक्षा रखने वाले प्रेमचंदकी रचनाएं आज भी प्रासंगिक है।

गालिब सभागार में आयोजित कार्यक्रम में तुलनात्मक साहित्य विभाग के प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल ने बीज वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा प्रेमचंद की कथावस्तु विशुद्ध देशी है। उनकी रचनाओं में जीवन के प्रति गहरी आस्था प्रकट होती है। समय और समाज




का व्यापक हित उनके लेखन के केंद्र में है। वे साधारण बातों में असाधारण बातें पैदा करने वाले लेखक हैं। प्रेमचंद ने उपन्यास विधा को आधुनिक साहित्य में विरासत के रूप में सौंपा है।

जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रो कृपाशंकर चौबे ने प्रेमचंद की पत्रकारिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रेमचंद ने सन 1903 में पत्रकारीय लेखन प्रारंभ किया। उन्होंने आवाज-ए-खल्क, स्वदेश, मर्यादा, जमाना आदि पत्र-पत्रिकाओं में हर विषय पर लिखा। 'प्रेमचंद विविध प्रसंग' पुस्तक का जिक्र करते हुए प्रो. चौबे ने कहा कि पत्रकारिता और सिनेमा को अपनी कथाओं के माध्यम से समृद्ध करने वाले प्रेमचंद का अनुगमन करना चाहिए।

गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार मिश्रा ने प्रेमचंद को आधुनिक भारतीय कथा साहित्य के निर्माता बताते हुए कहा कि प्रेमचंद भविष्य के लेखक हैं। प्रेमचंद ने शोषितों, वंचितों और हाशिए के लोगों का चित्रण करते हुए उनका मयार बड़ा बनाकर एक मानक तैयार किया। दूर शिक्षा निदेशालय के एसोशिएट प्रोफेसर डॉ. अमरेन्द्र कुमार शर्मा ने प्रेमचंद के 'पुराना जमाना – नया जमाना', 'साहित्य का उद्देश' और 'महाजनी सभ्यता' इन निबंधों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रेमचंद के निबंध भारतीय समाज व सभ्यता पर केंद्रित हैं। हिंदी साहित्य विभाग के एसोशिएट प्रोफेसर डॉ. उमेश कुमार सिंह ने प्रेमचंद को यथार्थवादी और आदर्शवादी कथाकार बताते हुए कहा कि प्रेमचंद ने तीन दर्जन से अधिक कहानियाँ लिखी हैं। वे समग्रता में लिखने


पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305

वाले बड़े लेखक हैं। हिंदी साहित्य विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. सुनील कुमार ने प्रेमचंद की 'ईदगाह' और 'बड़े भाई साहब' कहानियों को लेकर उनके द्वारा लिखे गए बाल साहित्य पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रेमचंद ने विशुद्ध बाल साहित्य लिखकर बाल मनोविज्ञान को कहानियों में उतारा।

स्वागत वक्तव्य में हिंदी साहित्य विभाग के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के संयोजक प्रो. अवधेश कुमार ने कहा कि प्रेमचंद की रचनाओं में स्वतंत्रता आंदोलन के बीज निहित है। वे सिर्फ हिंदी के ही नहीं, बल्कि भारतीय भाषाओं के बड़े लेखको में से एक है।




उनकी भाषा हमें आकर्षित करती है।

कार्यक्रम का संचालन मराठी साहित्य विभाग के एसोशिएट प्रोफेसर डॉ. संदीप सपकाले ने किया तथा हिंदी साहित्य विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. कोमल कुमार परदेशी ने आभार माना। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं प्रेमचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर तथा कुलगीत के प्रसारण से किया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

**हिंदी विश्वविद्यालयात 'प्रेमचंद यांचे योगदान' या विषयावर परिसंवाद**

**प्रेमचंद जगातील कथाकारांमध्ये अग्रगण्य आहेत : प्रो. कृष्ण कुमार सिंह**

वर्धा, 01 ऑगस्ट 2024 : थोर कथाकार प्रेमचंद यांच्या जयंतीनिमित्त बुधवार, 31 जुलै रोजी महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयाच्या साहित्य विभागातर्फे 'प्रेमचंदांचे योगदान' या विषयावर आयोजित परिसंवादाचे अध्यक्ष म्हणून बोलतांना कुलगुरू प्रो. कृष्णकुमार सिंह म्हणाले की कादंबरी आणि कथा लेखनाच्या संसारात प्रेमचंद यांचे महत्त्वाचे योगदान आहे. प्रेमचंद हे जगातील महान कथाकारांपैकी एक आहेत. स्वातंत्र्याची महत्त्वाकांक्षा बाळगणाऱ्या प्रेमचंदहे आजही प्रासंगिक आहेत.

गालिब सभागृहात आयोजित कार्यक्रमात तुलनात्मक साहित्य विभागाचे प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल यांनी बीजयाकण केले. ते म्हणाले की प्रेमचंदची कथा देशी आहे. त्याच्या कृतीतून जीवनावरील गाढ विश्वास दिसून येतो. वेळ आणि समाजाचे व्यापक हित त्यांच्या लेखनाच्या केंद्रस्थानी आहे.

जनसंचार विभागाचे अध्यक्ष प्रो. कृपाशंकर चौबे प्रेमचंदा यांच्या पत्रकारितेवर प्रकाश टाकताना म्हणाले की प्रेमचंदांनी 1903 मध्ये पत्रकारितेला सुरुवात केली. आवाज-ए-खल्क, स्वदेश, मर्यादा, जमाना इत्यादी वृत्तपत्रांतून आणि मासिकांतून त्यांनी प्रत्येक विषयावर लेखन केले. 'प्रेमचंद विविध प्रसंग' या पुस्तकाचा संदर्भ देत प्रो. चौबे म्हणाले की आपल्या कथांमधून पत्रकारिता आणि चित्रपटसृष्टी समृद्ध करणाऱ्या प्रेमचंद यांचे अनुकरण केले पाहिजे.

गांधी व शांती अध्ययन विभागाचे अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार मिश्रा यांनी प्रेमचंद यांचे आधुनिक भारतीय कल्पनेचे निर्माते असे वर्णन करून प्रेमचंद हे भविष्यातील लेखक असल्याचे सांगितले. प्रेमचंद यांनी शोषित, वंचित आणि उपेक्षित लोकांचे चित्रण करून एक आदर्श निर्माण केला. दूर शिक्षा निदेशालययाचे एसोशिएट प्रोफेसर डॉ. अमरेंद्र कुमार शर्मा यांनी प्रेमचंद यांच्या 'पुराना जमाना – नया जमाना', 'साहित्य का उद्देश' आणि 'महाजनी सभ्यता' या निबंधावर चर्चा केली. ते म्हणाले की प्रेमचंद यांचे निबंध भारतीय समाज आणि सभ्यता यावर लक्ष केंद्रित करतात. हिंदी साहित्य विभागाचे एसोशिएट प्रोफेसर डॉ. उमेश कुमार सिंह यांनी प्रेमचंद हे वास्तववादी आणि आदर्शवादी कथाकार असल्याचे सांगून प्रेमचंद यांनी तीन डझनाहून अधिककथा लिहिल्या आहेत. हिंदी साहित्य विभागाचे सहायक प्रोफेसर डॉ. सुनील कुमार यांनी प्रेमचंद यांनी लिहिलेल्या 'ईदगाह' आणि 'बडे भाई साहब' या कथांबाबत त्यांच्या बालसाहित्याचे विवेचन केले. प्रेमचंद यांनी शुद्ध बालसाहित्य लिहून बालमानसशास्त्र कथांमध्ये आणल्याचे ते म्हणाले.

स्वागतपर भाषणात हिंदी साहित्य विभागाचे अध्यक्ष व कार्यक्रमाचे संयोजक प्रो. अवधेश कुमार म्हणाले स्वातंत्र्य चळवळीचे सार प्रेमचंद यांच्या कार्यात दिसून येते. ते त्यांच्यापिढीतील उत्तम लेखक आहेत.

कार्यक्रमाचे संचालन मराठी साहित्य विभागाचे एसोशिएट प्रोफेसर डॉ. संदीप सपकाळे यांनी केले तर हिंदी साहित्य विभागाचे सहायक प्रोफेसर डॉ. कोमल कुमार परदेशी यांनी आभार मानले. कार्यक्रमाची सुरुवात दीपप्रज्ज्वलन आणि प्रेमचंद यांच्या प्रतिमेला पुष्पहार अर्पण करून आणि कुलगीतच्या प्रसारणाने झाली. राष्ट्रगीताने कार्यक्रमाची सांगता झाली. यावेळी शिक्षक, शोधार्थी व विद्यार्थी मोठ्या संख्येने उपस्थित होते.